तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026



12 डाइट बेमेतरा में समारोह, डॉ. वसुबंधु और नागेंद्र को दी विदाई





10 अवैध रुप से लकड़ी का परिवहन कर रहे ट्रैक्टर...






## खबर संक्षेप

### गांव में अवैध शराब का धंधा, अधेड़ गिरफ्तार

**भिलाई।** जामगांव आर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम बरवाई भाटापारा में एक 75 वर्षीय व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी अपने घर के बाड़ी में शराब का संग्रहण कर बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपी बिसहत जांगड़े निवासी ग्राम बरवाई भाटापारा को पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से 32 पौवा देशी और अंग्रेजी शराब के साथ 3200 रुपए नगद भी बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### हथियार लहराकर डरानेवाला गिरफ्तार

**भिलाई।** छावनी थाना पुलिस ने धारदार हथियार लहराकर लोगों में भय फैलाने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने युवक से धारदार हथियार जब्त किया है। पुलिस के अनुसार रायपुर रोड स्थित सी-मार्ट के पास एक व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार लहराकर आम लोगों को डराने-धमकाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अमन गिल, उम्र 26 वर्ष, निवासी बसंत टॉकीज के पीछे, कैम्प 1 भिलाई का निवासी बताया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार हथियार जब्त करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

### सट्टा खिलाते युवक रंगे हाथों गिरफ्तार

**भिलाई।** नंदिनी थाना पुलिस ने एक युवक को सट्टा खिलाते रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी से नकदी सहित 74,450 के सामान पुलिस ने जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 4(क) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम नंदिनी खुंदिनी वार्ड 11 में एक व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से सट्टा संचालित किया जा रहा है। आरोपी धर्मेन्द्र आडिल, उम्र 40 वर्ष को रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्ज से नगदी रकम 69,450 रुपए, मोबाइल और 5 नग सट्टा पट्टी कुल कीमती 74,450 रुपए जब्त किया गया।

### युवक पर जानलेवा हमला करने वाले सात युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** मामूली विवाद के बाद संत होटल के पास एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में थाना जेवरा सिरसा पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि यह पूरा मामला आपसी विवाद और धक्का-मुक्की से शुरू हुआ, जो बाद में खूनी हमले में बदल गया। पूरा मामला 31 मार्च की शाम करीब 7 बजे का है, जब प्रार्थी अभिषेक जायसवाल संत होटल के पास खड़ा था। उसी दौरान 3-4 युवक वहां पहुंचे और धक्का-मुक्की करते हुए गाली-गलौच करने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान मुख्य आरोपी किशन ढीमर ने धारदार हथियार से प्रार्थी के सीने और गले के पास कई वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही जेवरा सिरसा पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# स्वास्थ्य सेवा को मिली ताकत, जिले को मिलीं 6 नई 108 संजीवनी एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए स्वास्थ्य विभाग को 6 नई संजीवनी 108 एम्बुलेंस प्राप्त हुई हैं। इन एम्बुलेंसों के शुरू होने से जिले में मरीजों को त्वरित और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। प्रदेश में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 31 मार्च को 300 बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं 70 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट संजीवनी एक्सप्रेस 108 एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इसी कड़ी में बेमेतरा जिले को 6 एम्बुलेंस आवंटित की गई हैं, जिनमें 2 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट और 4 बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस शामिल हैं। प्राप्त एम्बुलेंसों की सुव्यवस्थित तैनाती की गई है। एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस जिला चिकित्सालय बेमेतरा में उपलब्ध रहेंगी, जबकि बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा, बेरला, नवागढ़ और नांदघाट में तैनात की जाएंगी। इससे शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी आपातकालीन सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी।

■ आपातकालीन चिकित्सा सुविधा होगी और सशक्त

## सुविधाः 2 एडवांस्ड और 4 बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस शामिल

### आधुनिक उपकरणों से लैस हैं एम्बुलेंस

नई एम्बुलेंसों में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण लगाए गए हैं, जिनमें बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ईसीजी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर, ऑक्सीजन सपोर्ट, नेबुलाइजेशन सुविधा, पोर्टेबल वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, सिरिंज पंप और लैरिंजोस्कोप शामिल हैं। इन सुविधाओं के जरिए मरीजों को मौके पर ही प्राथमिक और उन्नत उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा।



### जनप्रतिनिधियों ने किया शुभारंभ

जिला चिकित्सालय बेमेतरा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू एवं साजा विधायक ईश्वर साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू,नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पार्षद नीतू कोठारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नई एम्बुलेंसों के माध्यम से गंभीर एवं आपात कालीन स्थिति में मरीजों को शीघ्र चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। इससे मरीजों को समय पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने में आसानी होगी और कई मामलों में जीवन बचाने में मदद मिलेगी।

## एफएलएन चैलेंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन, 12 शिक्षक 'एफएलएन वारियर्स' सम्मान से होंगे सम्मानित

# लगातार दूसरे वर्ष अव्वल रहा बेमेतरा राज्य स्तर पर शिक्षकों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के शिक्षकों ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए पूरे राज्य में बेमेतरा को प्रथम स्थान दिलाया है। एफएलएन फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी एवं नवाजतन पहल के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय चुनौती में जिले ने लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष स्थान हासिल कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है।

इस उपलब्धि को और खास बनाते हुए जिले के 12 शिक्षकों का चयन 'एफएलएन वारियर्स' सम्मान के लिए किया गया है। ये सभी शिक्षक आगामी 5 अप्रैल को दुर्ग स्थित खालसा पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव की उपस्थिति में सम्मानित किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार शिक्षकों की स्वप्रेरणा से शुरू की गई एक अभिनव योजना है, जिसका नेतृत्व सुनील मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। इस चुनौती में प्रदेश के सभी 33 जिलों के शिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें जिले के 51 शिक्षकों ने सितंबर 2025 में पंजीयन कराया था। इस चुनौती में शिक्षकों को तीन कठिन चरणों से गुजरना पड़ा। पहले चरण में ऑनलाइन और ऑफलाइन आकलन के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बुनियादी साक्षरता, गणितीय दक्षता और एफएलएन मॉडल पर परीक्षा ली गई। इसमें बच्चों की पढ़ने की क्षमता एक मिनट में 60 शब्द और गणितीय क्रियाओं का मूल्यांकन किया गया। दूसरे चरण में शिक्षकों की सालभर की गतिविधियों, वीडियो और दस्तावेजों का मूल्यांकन हुआ, जबकि अंतिम चरण में ऑनलाइन साक्षात्कार लिया गया। इन तीनों स्तरों को सफलतापूर्वक पार करने के बाद ही शिक्षकों का चयन 'वारियर्स' के रूप में किया गया।



### डाइट की भूमिका रही अहम

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट के प्राचार्य जे.के. घृतलहरे एवं व्याख्याता थलज कुमार साहू के मार्गदर्शन में कोर टीम के सदस्य पवन देवांगन और केवरा सेन ने जिले के चारों विकासखंडों से शिक्षकों की टीम तैयार कर मूल्यांकन प्रक्रिया को सफल बनाया। बेमेतरा की सक्रियता और उत्कृष्ट कार्यप्रणाली को देखते हुए टीम को अन्य जिलों जैसे सुकमा और महासमुंद में भी आकलन की जिम्मेदारी सौंपी गई, जो जिले की गुणवत्ता का प्रमाण है।

### ये शिक्षक होंगे सम्मानित

सम्मानित होने वाले शिक्षकों में प्रमुख रूप से चुनेश्वरी कौशल, दीपिका वर्मा, आशीष वर्मा, धन्ना साहू, माया वर्मा, रमा तरार, राजनंदिनी, जोगीराम वर्मा, अमरप्रीत कौर, कमला राव, रागिनी शर्मा और प्रेक्षा साहू शामिल हैं। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी, सहायक संचालक एस.पी. कोशले सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## नांदघाट में परीक्षा में फर्जीवाड़ा उजागर, दूसरे से उत्तर पुस्तिका लिखवाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नांदघाट थाना क्षेत्र में ओपन स्कूल परीक्षा के दौरान बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। पुलिस ने आपराधिक षड्यंत्र रचकर धोखाधड़ी के जरिए परीक्षा में दूसरे व्यक्ति से उत्तर पुस्तिका लिखवाने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि इस मामले में एक विधि से संघर्षरत बालक की भी संलिप्तता पाई गई है।

■ ओपन स्कूल परीक्षा केंद्र में आपराधिक षड्यंत्र का खुलासा

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी अजय कुमार दुबे (48 वर्ष), शिक्षक एवं केंद्राध्यक्ष, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घुरसेना ने थाना नांदघाट में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर की वर्ष 2026 की परीक्षा के तहत ग्राम टेमरी स्थित परीक्षा केंद्र में कक्षा 10वीं सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा के दौरान यह गड़बड़ी सामने आई। रिपोर्ट में उल्लेख है कि आरोपी आशीष कुमार कुर्रे (20 वर्ष), निवासी चौकी मारो, थाना नांदघाट, ने एक अन्य नाबालिग के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र रचा और परीक्षा कक्ष में अपने स्थान पर दूसरे से उत्तर पुस्तिका लिखवाने का प्रयास किया।



मामले की सूचना मिलते ही केंद्र प्रबंधन ने तत्परता दिखाते हुए इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई।

### गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज

पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 319(2), 61(2), 3(5) तथा छत्तीसगढ़ मान्यता प्राप्त परीक्षा अधिनियम 1937 की धारा 3(घ)(2) एवं 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। थाना नांदघाट प्रभारी निरीक्षक लेखराम ठाकुर के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आशीष कुमार कुर्रे को 3 अप्रैल 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक लेखराम ठाकुर के साथ प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विजय शुक्ला तथा आरक्षक मिथुन चंद्रवंशी, संजय साहू, प्रताप यादव, लालचंद भारती, आकाश राजपूत, अजय गोयल, सतीश वर्मा, महेंद्र वर्मा सहित समस्त पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# लोकगाथाएं और संस्कृति ही समाज की आत्मा : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिंगदेही में इकाई साहू संघ द्वारा आयोजित मां कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी मुख्य रूप से शामिल हुए।

■ सिंगदेही में उमड़ा भक्ति का सैलाब, पंडवानी की गूंज के बीच मनाई गई मां कर्मा जयंती

कार्यक्रम की शुरुआत माँ कर्मा के पूजन-अर्चन से हुई, जहां योगेश तिवारी ने श्रद्धापूर्वक नमन कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मां कर्मा जयंती केवल एक पर्व नहीं, बल्कि समाज की आस्था, श्रम, समर्पण और संस्कृति का प्रतीक है। ऐसे आयोजन हमें अपने पूर्वजों के आदर्शों को याद करने और उन्हें जीवन में अपनाने की प्रेरणा देते हैं। महोत्सव के दौरान लोकगाथा पंडवानी की आकर्षक प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कलाकारों ने अपनी मधुर वाणी और जीवंत अभिनय के माध्यम से पारंपरिक लोक कथाओं को सजीव कर दिया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और उत्साह से सराबोर हो उठा। उपस्थित जनसमूह भाव विभोर होकर इस सांस्कृतिक प्रस्तुति का आनंद लेते नजर आए।



### आस्था, श्रम और समर्पण का प्रतीक है मां कर्मा

योगेश तिवारी ने आगे कहा कि लोककला और लोकगाथाएं हमारे समाज की आत्मा हैं, जो पीढ़ी दर पीढ़ी हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाती हैं। पंडवानी जैसी परंपराएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि इतिहास, संस्कृति और जीवन मूल्यों का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, सहयोग और आपसी विश्वास को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों सहित दूरपत साहू (सरपंच), जागेश साहू, नारायण साहू (उपसरपंच), तीजिया बाई, अनीता बाई, सतरूपा बाई, कृष्ण यादव, दिनेश साहू, गोविंद साहू, चेतराम साहू, घनश्याम साहू, विमल साहू, विष्णु प्रसाद साहू, प्रेमलाल साहू, मुनेश्वर साहू, राजकुमार साहू, दाऊ राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# कंतेली शिविर में 98 लोगों की मुफ्त एक्स-रे जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 2 अप्रैल को ग्राम कंतेली में निक्षय निरामय फेस 0.2 अंतर्गत विशेष शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में उच्च जोखिम समूह के 98 लोगों की निःशुल्क एक्स-रे जांच की गई, जिससे संभावित मरीजों की समय रहते पहचान सुनिश्चित की जा सके। शिविर का संचालन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. बी. एल. राज के नेतृत्व में किया गया। शिविर में आधुनिक एच एच एक्स रे तकनीक के माध्यम से व्यापक स्क्रीनिंग की गई। जांच के दौरान 4 संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उनके स्पुटम सैंपल ट्रू-नाट जांच के लिए संग्रहित किए गए, जिससे रोग की पुष्टि कर जल्द उपचार शुरू किया जा सके। इस अभियान की सफलता में आयुष्मान आरोग्य मंदिर कंतेली के स्वास्थ्य स्टाफ और मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिन्होंने पूर्व से ही ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार के प्रति जागरूक किया।



### चलाया गया जागरुकता अभियान

साथ ही शिविर के दौरान जनजागरुकता अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में जिला क्षय उन्मूलन केंद्र के यशवंत भारद्वाज डीपीपीएमसी एवं गिरधर देवांगन एसटीएस ने टीम के साथ सक्रिय योगदान दिया। स्वास्थ्य विभाग का यह प्रयास न केवल संभावित टीबी मरीजों की पहचान में सहायक सिद्ध हो रहा है, बल्कि जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को भी मजबूती प्रदान कर रहा है।

## 31 मार्च 2023 से पूर्व बंद कनेक्शनों के लिए अधिभार पूरी तरह माफ

# समाधान योजना में 1433 उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बिजली उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत देने के उद्देश्य से संचालित समाधान योजना 2026 नवागढ़ एवं अंधियारखोर क्षेत्र में तेजी से जन-जन तक पहुंच रही है। योजना के प्रति बढ़ते विश्वास और जागरूकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक कुल 1433 उपभोक्ता पंजीयन करा चुके हैं, जो इस पहल की सफलता को दर्शाता है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य लंबे समय से बकाया बिजली बिल से जूझ रहे उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना है। आकर्षक छूट और सरल भुगतान विकल्पों के चलते उपभोक्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। बीपीएल, घरेलू एवं कृषि श्रेणी के साथ-साथ सक्रिय और निष्क्रिय दोनों प्रकार के उपभोक्ताओं को इसका लाभ दिया जा रहा है।




### पंजीयन अनिवार्यः बिना रजिस्ट्रेशन नहीं मिलेगी छूट

विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य है। बिना पंजीयन किसी भी प्रकार की छूट का लाभ नहीं मिलेगा। इसके लिए विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर सरल पंजीयन सुविधा प्रदान की जा रही है। कनिष्ठ अभियंता मोहन दास बैरागी (नवागढ़) ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और समय रहते पंजीयन कराकर बकाया बिल में मिलने वाली छूट का फायदा लें।

### भुगतान के आसान विकल्प एकमुश्त या 6 किस्तें

योजना के अंतर्गत विशेष रूप से 31 मार्च 2023 से पूर्व बंद निष्क्रिय कनेक्शनों के लिए राहत का प्रावधान किया गया है। बीपीएल उपभोक्ताओं को मूल बकाया राशि में 75 प्रतिशत तक छूट एवं पूरा अधिभार माफ किया जा रहा है। वहीं घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत तक छूट के साथ पूरा अधिभार माफ किया जा रहा है। सक्रिय उपभोक्ताओं के लिए भी योजना काफी लाभकारी सिद्ध हो रही है। बीपीएल उपभोक्ताओं को बकाया अवधि के अनुसार 50 प्रतिशत से 75 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान, 3 किस्त या 6 किस्त के आसान विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें अधिभार पूरी तरह माफ है।

# भाजपा विधि प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनीं रजनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भाजपा विधि प्रकोष्ठ की नई प्रदेश कार्यसमिति की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। घोषित सूची में अनुभवी, सक्रिय और संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को प्रमुखता दी गई है।



इस नई कार्यकारिणी में शहर की अधिवक्ता रजनी चौबे को जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें भाजपा विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को संगठन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि रजनी चौबे के अनुभव और विधिक समझ का लाभ संगठन को मिलेगा, जिससे विधि प्रकोष्ठ की गतिविधियों में तेजी आएगी।

साथ ही आगामी चुनावी और संगठनात्मक कार्यक्रमों में कानूनी दृष्टिकोण से मजबूती भी सुनिश्चित होगी। रजनी चौबे की नियुक्ति पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और उनके समर्थकों ने खुशी जाहिर की।

